भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

मौखिक प्रश्न सं. †*232

सोमवार, 17 मार्च, 2025/26 फाल्गुन, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट**

**†*232. श्री नव चरण माझी:**

**श्री पी. पी. चौधरी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आध्यात्मिक पर्यटन सर्किटों और 'प्रसाद' योजना के अंतर्गत सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इनकी धीमी प्रगति, यदि कोई हो, के क्या कारण हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रति वर्ष विभिन्न राज्यों विशेषकर उत्तर प्रदेश में इनके तहत आज की तिथि तक आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में व्यापक आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट विकसित करने की योजनाओं का उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है जिसमें विशेषकर पाली जिले में रणकपुर जैन मंदिर और अन्य महत्वपूर्ण पवित्र स्थलों को जोड़ा जाना शामिल है;

(घ) क्या देश में 'प्रसाद' परियोजनाओं की धीमी प्रगति के कारणों के बारे में उक्त राज्यों सहित राज्यवार कोई आकलन किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इनके कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ङ) देश में पवित्र स्थलों पर यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उक्त राज्यों सहित राज्यवार क्या विशिष्ट पहल की गई है; और

(च) आध्यात्मिक पर्यटन परियोजनाओं में विलम्ब को रोकने के लिए मंदिर न्यासों, स्थानीय प्राधिकारियों और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ पूर्व मंजूरी के लिए उपर्युक्त राज्यों सहित देश भर में राज्यवार स्थापित समन्वय तंत्र का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्री नव चरण माझी और श्री पी. पी. चौधरी द्वारा आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट के संबंध में दिनांक 17.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*232 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' की चल रही योजनाओं के माध्यम से पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों को संपूरित करता है।

योजनाओं के तहत परियोजनाओं का विकास और उन्हें पूरा करना विभिन्न कारकों, जैसे, सफल निविदा प्रक्रिया, संबंधित राज्य के कार्यान्वयन एजेंसी की क्षमता, समय पर परियोजना की योजना और डिजाइन तैयार करना, अपेक्षित दस्तावेजों का प्रस्तुतीकरण आदि पर निर्भर करता है। स्वदेश दर्शन योजना और प्रशाद योजना के आध्यात्मिक पर्यटन परिपथों के तहत परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति के विवरण के साथ आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग): पाली जिले में रणकपुर जैन मंदिर और अन्य पवित्र स्थलों को जोड़ने के लिए कोई प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है। पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति और निधियों की उपलब्धता के अधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

(घ): उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं को संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय नियमित रूप से परियोजना की प्रगति की निगरानी करता है और संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित भी करता है। परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी और उसमें तेजी लाने तथा राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को मार्गदर्शन देने के लिए पर्यटन मंत्रालय केंद्रीय मंजूरी और निगरानी समिति तथा मिशन निदेशालय की बैठकों सहित विभिन्न स्तरों पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करता है।

(ङ): प्रशाद योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय पर्यटकों की सुविधा, पहुंच, सुरक्षा, स्वच्छता और तीर्थयात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सुनियोजित पर्यटन अवसंरचना विकसित करने की पहल करता है। प्रशाद योजना के तहत अनुमोदित कुछ प्रमुख घटक/पहल, पवित्र स्थलों पर आगंतुक संबंधी सुविधाओं में सुधार करना है, जिसमें कैफेटेरिया, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, एम्फीथिएटर, फुट-ओवर ब्रिज, पार्किंग, संकेतक, अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था, पर्यटक सुविधा केंद्र, पर्यटक सूचना केंद्र, शौचालय, कूड़ेदान, पेयजल सुविधाएं, जल निकासी और अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाएं जैसी अवसंरचनात्मक सुविधाएं और बेंच रखना, भूदृश्यांकन, फर्श बनाना, रेलिंग लगाना आदि जैसे साइट से संबंधित अन्य विकास कार्य शामिल हैं। प्रशाद योजना की परियोजनाओं के तहत स्वीकृत विभिन्न घटकों का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(च): पर्यटन मंत्रालय प्रशाद योजना के तहत परियोजनाओं को मंजूरी देते समय राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों, स्थानीय निकायों, मंदिर न्यासों और संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों सहित विभिन्न हितधारकों से परामर्श करता है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के भाग के रूप में, बिना किसी बाधा के भूमि की उपलब्धता और अन्य आवश्यक मंजूरियां सुनिश्चित करने की दृष्टि से तथा विकसित परिसंपत्तियों के सतत परिचालन और रखरखाव करने के लिए प्रतिबद्ध होने के संबंध में राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के लिए वचन (अंडरटेकिंग) देना अपेक्षित होता है।

*****

**अनुबंध-I**

श्री नव चरण माझी और श्री पी. पी. चौधरी द्वारा आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट के संबंध में दिनांक 17.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*232 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

**प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

**(करोड़ रु. में)**

| **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत** | **जारी की गई राशि** | **भौतिक प्रगति %** | **वित्तीय प्रगति %** | **जारी निधियों के एवज में राज्य द्वारा प्रस्तुत यूसी (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1. | अमरावती में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 27.77 | 27.77 | 100% | 100% | 27.77 |
| | 2. | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | 43.08 | 100% | 100% | 43.08 |
| | 3. | सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 54.04 | 13.69 | 59% | 25% | 13.69 |
| | 4. | अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 | - | 0% | 0% | 0.00 |
| अरुणाचल प्रदेश | 5. | परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 | 37.88 | 31.02 | 92% | 82% | 21.95 |
| असम | 6. | कामाख्या मंदिर | 2015-16 | 29.80 | 29.80 | 100% | 100% | 29.80 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | में तीर्थ सुविधाओं का विकास | | | | | | |
| बिहार | 7. | पटना साहिब में विकास | 2015-16 | 29.62 | 29.62 | 100% | 100% | 29.62 |
| | 8. | विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 3.63 | 3.63 | 100% | 100% | 3.63 |
| छत्तीसगढ़ | 9. | मां बमलेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 48.44 | 40.19 | 90% | 83% | 31.94 |
| गोवा | 10. | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | 2024-25 | 16.46 | - | 0% | 0% | 0.00 |
| गुजरात | 11. | द्वारका का विकास | 2016-17 | 10.46 | 10.46 | 100% | 100% | 10.46 |
| | 12. | सोमनाथ में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 45.36 | 45.36 | 100% | 100% | 45.36 |
| | 13. | सोमनाथ में सैरगाह का विकास | 2018-19 | 47.12 | 47.12 | 100% | 100% | 47.12 |
| | 14. | अंबाजी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 | 10.54 | 35% | 21% | 10.54 |
| हरियाणा | 15. | माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहिब गुरुद्वारा का विकास | 2019-20 | 48.53 | 34.68 | 74% | 71% | 34.68 |
| जम्मू और कश्मीर | 16. | हजरतबल दरगाह में विकास | 2016-17 | 40.46 | 34.30 | 100% | 85% | 34.30 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| झारखंड | 17. | बाबा बैद्यनाथ धाम का विकास | 2018-19 | 36.79 | 34.95 | 100% | 89% | 31.23 |
| कर्नाटक | 18. | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.71 | 0.00 | 0% | 0% | 0.00 |
| केरल | 19. | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 | 45.19 | 100% | 100% | 45.19 |
| मध्य प्रदेश | 20. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 34.73 | 89% | 69% | 34.63 |
| | 21. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 | 43.93 | 100% | 100% | 43.93 |
| महाराष्ट्र | 22. | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 45.41 | 29.93 | 93% | 66% | 29.78 |
| मेघालय | 23. | नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.29 | 27.78 | 100% | 95% | 24.92 |
| मिजोरम | 24. | चिते वांग, जुआंगताई, रइक और आइजोल में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.89 | 13.18 | 29% | 29% | 13.18 |
| नागालैंड | 25. | मोलुंगकिमोंग, नोकसेन चर्च, ऐजुतो, वोखा | 2018-19 | 25.20 | 23.56 | 100% | 93% | 21.33 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | और कोहिमा में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | | | | | | |
| | 26. | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 | 15.45 | 72% | 85% | 10.91 |
| ओडिशा | 27. | पुरी में अवसंरचना का विकास | 2014-15 | 50.00 | 10.00 | - | 20% | 0.00 |
| पंजाब | 28. | अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 | 6.40 | 100% | 100% | 6.40 |
| | 29. | चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 | 17.49 | 79% | 55% | 17.49 |
| राजस्थान | 30. | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 | 26.11 | 100% | 80% | 26.11 |
| | 31. | बीकानेर में श्री करणी माता मंदिर का विकास | 2024-25 | 22.58 | - | 0% | 0% | 0.00 |
| सिक्किम | 32. | फोर पेट्रन सेंट, युकसोम में तीर्थ सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 | 28.31 | 87% | 85% | 28.31 |
| तमिलनाडु | 33. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 | 100% | 100% | 13.99 |
| | 34. | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 | 100% | 100% | 4.86 |
| तेलंगाना | 35. | जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास | 2020-21 | 38.90 | 33.07 | 72% | 85% | 23.34 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 36. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 | 32.73 | 37% | 53% | 12.65 |
| | 37. | भद्राचलम में तीर्थ अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 | 8.43 | 29% | 20% | 2.12 |
| त्रिपुरा | 38. | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर का विकास | 2020-21 | 34.43 | 28.01 | 79% | 81% | 25.63 |
| उत्तर प्रदेश | 39. | वाराणसी का विकास -चरण-I | 2015-16 | 18.73 | 18.73 | 100% | 100% | 18.73 |
| | 40. | मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) | 2014-15 | 10.98 | 10.98 | 100% | 100% | 10.98 |
| | 41. | वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 | 9.02 | 100% | 100% | 9.02 |
| | 42. | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 | 9.36 | 100% | 100% | 9.36 |
| | 43. | वाराणसी का विकास -चरण-II | 2017-18 | 44.60 | 31.77 | 100% | 71% | 31.77 |
| | 44. | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 | 30.97 | 100% | 78% | 30.73 |
| उत्तराखंड | 45. | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 | 34.77 | 100% | 100% | 34.77 |
| | 46. | बद्रीनाथ जी | 2018-19 | 56.15 | 38.38 | 85% | 68% | 27.43 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | धाम में तीर्थ सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | | | | | | |
| | 47. | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थ अवसंरचना सुविधाओं का विस्तार | 2021-22 | 54.36 | 10.22 | 100% | 18% | 10.22 |
| पश्चिम बंगाल | 48. | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 | 23.39 | 100% | 78% | 23.39 |

**स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत आध्यात्मिक परिपथ में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | जारी राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) | परियोजना की स्थिति/ टिप्पणियाँ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केरल | केरल के पथानामथिट्टा जिले में एक आध्यात्मिक परिपथ के रूप में सबरीमाला - एरुमेली-पम्पा-सन्निधानम का विकास (2016-17) | 46.54 | 33.39 | 36.27 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 2. | मणिपुर | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोदोन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास (2016-17) | 45.34 | 45.33 | 43.04 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 3. | केरल | श्री पद्मनाभ मंदिर, अरनमुला-सबरीमाला का विकास (2016-17) | 78.08 | 73.77 | 68.98 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 4. | बिहार | कांवड़िया मार्ग का विकास: सुल्तानगंज-धर्मशाला-देवघर (2016-17) | 44.76 | 42.52 | 42.17 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 5. | उत्तर प्रदेश | अहार-अलीगढ़-कासगंज- | 71.91 | 69.63 | 69.63 | परियोजना पूर्ण |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डुमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-कैराना-बागपत-शाहजहांपुर का विकास (2016-17) | | | | बताई गई |
| 6. | उत्तर प्रदेश | बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चंदौली-मिश्रिख-भदोही का विकास (2016-17) | 67.51 | 64.14 | 63.62 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 7. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ का विकास- 'चूरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कामां क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंद) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) (2016-17) का विकास | 87.05 | 75.03 | 75.03 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 8. | पुदुचेरी | कराईकल, यनम और पुडुचेरी का विकास (2017-18) | 34.96 | 31.40 | 31.40 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 9. | बिहार | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास (2017-18) | 44.55 | 42.32 | 42.32 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 10. | महाराष्ट्र | वाकी- अदासा- धापेवाड़ा-पारदसिंघा- छोटा ताज बाग-तेलनखंडी- गिराड का विकास (2018-19) | 45.47 | 43.19 | 38.24 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 11. | उत्तर प्रदेश | जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास (2018-19) | 12.03 | 11.43 | 11.69 | परियोजना पूर्ण बताई गई |
| 12. | उत्तर प्रदेश | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाष्णि मंदिर | 18.30 | 18.12 | 18.12 | परियोजना पूर्ण बताई गई |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (डुमरियागंज) का विकास (2018-19) | | | | |
| 13. | केरल | शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम- अरुविपुरम- कुन्नुमपारा श्रीसुब्रमण्यम- चेंबझंतीश्री नारायण गुरुकुलम का विकास (2018-19) | 66.42 | 42.01 | 32.91 | परियोजना प्रगति पर है कोविड, एनओसी और स्थानीय प्राधिकरण से मंजूरी के कारण परियोजना में देरी हो रही है। |
| **कुल** | | | 662.92 | 592.28 | 573.42 | |

उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजना के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान जारी धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परियोजना** | **पिछले तीन वित्तीय वर्षों में जारी राशि (करोड़ रु. में)** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **वित्तीय वर्ष 2021-22** | **वित्तीय वर्ष 2022-23** | **वित्तीय वर्ष 2023-24** |
| 1 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी का विकास -चरण-I | शून्य | 2.41 | शून्य |
| 2 | उत्तर प्रदेश | मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटन परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) | शून्य | 0.6 | शून्य |
| 3 | उत्तर प्रदेश | गंगा, वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन | शून्य | 0.44 | शून्य |
| 4 | उत्तर प्रदेश | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | शून्य | शून्य | शून्य |
| 5 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी का विकास - चरण - II | शून्य | शून्य | शून्य |
| 6 | उत्तर प्रदेश | गोवर्धन में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 9.09 | शून्य | शून्य |

*****

**अनुबंध-।।**

श्री नव चरण माझी और श्री पी. पी. चौधरी द्वारा आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट के संबंध में दिनांक 17.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*232 के भाग (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**प्रशाद योजना की परियोजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न घटकों का विवरण:**

**(करोड़ रु. में)**

| **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **प्रमुख घटक** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत** |
|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1. | अमरावती में तीर्थ सुविधाओं का विकास | • अमरलिंगेश्वर स्वामी मंदिर में विकास कार्य (पर्यटक सुविधाएं, सौंदर्यीकरण- लैंड हार्डस्केप और सॉफ्टस्केप, अवसंरचना प्रावधान और प्रबंधन)<br>• महाचैत्य स्तूप और एएसआई संग्रहालय (पर्यटक सुविधाएं, अवसंरचना के प्रावधान और प्रबंधन, सुरक्षा और संरक्षा)<br>• ध्यान बुद्ध स्थल का विकास (सौंदर्यीकरण, अवसंरचना प्रावधान और प्रबंधन)<br>• घाट का विकास<br>• शहरी अवसंरचना का विकास (सचलता बढ़ाना, अमरावती में प्रवेश द्वार, पर्यावरण हितैषी वाहन) | 2015-16 | 27.77 |
| | 2. | श्रीसैलम मंदिर का विकास | • मुख्य मंदिर में विकास कार्य (प्रकाश व्यवस्था, साउंड एंड लाइट शो, एम्फीथिएटर, ब्रास क्यू)<br>• सिखाराम (पर्यटक सुविधा केंद्र, चेंजिंग रूम, सिखाराम क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था, व्यूविंग डेक, पार्किंग)<br>• हाटकेश्वर में पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• पंचमठ (पाथवे, प्रकाश)<br>• पातालगंगा (जेट्टी, चेंजिंग रूम) में विकास कार्य<br>• 8 स्थानों पर पेयजल सुविधा सहित सामान्य शौचालय परिसर<br>• सड़क सुधार कार्य | 2017-18 | 43.08 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | • पर्यटक सुविधा केंद्र | | |
| | 3. | सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वरी देवस्थानम में तीर्थ सुविधाओं का विकास | • तीर्थयात्रा सुविधा केंद्र<br>• घाट की सड़क का विकास (वॉच टावरों के साथ व्यूपॉइंट और पार्किंग, सीढ़ियों का उन्नयन)<br>• एम्फीथिएटर के साथ मंदिर संबंधी सुविधाएं और अवसंरचना (प्रदीप्तीकरण, सीढ़ियों का विकास, पार्किंग, यज्ञशाला)<br>• रसोई मशीनीकरण<br>• बहुउद्देशीय हॉल<br>• पैन क्षेत्र का विकास (संवर्धित वास्तविकता (एआर) सेटअप के साथ मल्टीमीडिया केंद्र, इलेक्ट्रिक मिनी वैन, साइनेज, बैगेज स्क्रीनिंग) | 2022-23 | 54.04 |
| | 4. | अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थाटन पर्यटन अवसंरचना का विकास | • क्यू कॉम्प्लेक्स<br>• अन्नदानम भवन<br>• ई-वाहन<br>• सत्यगिरि पहाड़ी पर पुरुषों और महिलाओं का शौचालय | 2024-25 | 25.33 |
| अरुणाचल प्रदेश | 5. | परशुराम कुंड का विकास | • तीर्थयात्रा सुविधा केंद्र<br>• घाट की सड़क का विकास (वॉच टावरों के साथ व्यूपॉइंट और पार्किंग, सीढ़ियों का उन्नयन)<br>• एम्फीथिएटर के साथ मंदिर संबंधी सुविधाएं और अवसंरचना (प्रदीप्तीकरण, सीढ़ियों का विकास, पार्किंग, यज्ञशाला)<br>• रसोई मशीनीकरण<br>• बहुउद्देशीय हॉल<br>• संपूर्ण क्षेत्र का विकास (संवर्धित वास्तविकता (एआर) सेटअप के साथ मल्टीमीडिया केंद्र, इलेक्ट्रिक मिनी वैन, साइनेज, बैगेज स्क्रीनिंग) | 2020-21 | 37.88 |
| असम | 6. | कामाख्या मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | • तलहटी से कामाख्या मंदिर तक मौजूदा 3 फुट ट्रैक का विकास<br>• अम्बुबाची मेला ग्राउंड का विकास<br>• बहुमंजिला कार पार्किंग (पार्किंग, क्लोक रूम, बेबी केयर और वरिष्ठ | 2015-16 | 29.80 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नागरिक विश्राम केंद्र, सार्वजनिक शौचालय)<br>• व्यूप्वाइंट का निर्माण<br>• साइट विकास और रिटेनिंग वॉल | | |
| बिहार | 7. | पटना साहिब में विकास | • पटना साहिब में विकास (प्रदीप्तीकरण, कूड़ेदान, सीसीटीवी)<br>• लिंक्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर (सिटी वाइड साइनेज, रेलवे सेंटर में पर्यटक सूचना केंद्र, बाहरी स्ट्रीट लाइटिंग, गाईघाट और हांडीसाहब में प्रकाश व्यवस्था)<br>• कंगन घाट पर विकास कार्य (टीएफसी, नदी घाट का विकास, बैठने का स्थान, कंगन घाट का उन्नयन)<br>• गुरु का बाग में विकास (साउंड एंड लाइट शो, प्रदीप्तीकरण) | 2015-16 | 29.62 |
| | 8. | विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | • सार्वजनिक सुविधाएं<br>• यात्री शेड<br>• मंदिर प्रांगण का विकास<br>• क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था<br>• स्ट्रीट स्केपिंग और पार्किंग<br>सीताकुंड और गायत्री घाट का विकास (चेंजिंग रूम, शौचालय ब्लॉक, तीर्थयात्रा शेड, पेयजल कियोस्क, सोलर हाई मास्ट लाइट) | 2014-15 | 3.63 |
| छत्तीसगढ़ | 9. | मां बमलेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | • मां बमलेश्वरी देवी मंदिर का विकास (सीढ़ियों के साथ हाथ की रेलिंग और शेड, विश्राम क्षेत्र, चिकित्सा कक्ष, सौर प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, झील के सामने का विकास)<br>• प्रज्ञागिरी का विकास (ध्यान केंद्र, कैफेटेरिया, सौर प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग)<br>• तीर्थयात्रा सुविधा केंद्र का विकास (श्री यंत्र भवन, सौर प्रकाश व्यवस्था, लैंडस्केपिंग, बाउंडरी वॉल, सीसी सड़क) | 2020-21 | 48.44 |
| गोवा | 10. | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | • पार्किंग<br>• व्याख्या केंद्र<br>• बाहरी/स्ट्रीट लाइटिंग<br>• ई-ऑटो | 2024-25 | 16.46 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | • स्मारक के अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था<br>• सीआई पार्क बेंच<br>• सूचनात्मक और दिशात्मक संकेत<br>• कूड़ेदान<br>• आगंतुक फुटफॉल की गणना हेतु उपकरण | | |
| गुजरात | 11. | द्वारका का विकास | • द्वारकाधीश मंदिर में विकास (क्यू कॉम्प्लेक्स प्रदीप्तीकरण, अस्थायी छायांकन उपकरण)<br>• नई गोमतीघाट पर विकास कार्य (पेयजल सुविधा, लैंडस्केपिंग)<br>• पुराने गोमतीघाट पर विकास कार्य (पीने के पानी की सुविधा, मंदिर की प्रकाश व्यवस्था, फर्श, अस्थायी छायांकन उपकरण)<br>• रुक्मणि मंदिर में विकास कार्य (शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग और पाथवे)<br>• शहर-व्यापी हस्तक्षेप (दिशात्मक और सूचनात्मक संकेतक)<br>• रेलवे स्टेशन पर हस्तक्षेप (पर्यटक स्वागत केंद्र, पेयजल सुविधा, लैंडस्केपिंग, सीसीटीवी)<br>• बस स्टैंड पर हस्तक्षेप (टीआरसी, पेयजल सुविधा, लैंडस्केपिंग, सीसीटीवी) | 2016-17 | 10.46 |
| | 12. | सोमनाथ में तीर्थ सुविधाओं का विकास | • पार्किंग क्षेत्र का विकास (शौचालय, क्लोक रूम, कैफेटेरिया, साइनेज, सार्वजनिक पता प्रणाली)<br>• पर्यटक सुविधा केंद्र (टीएफसी, परिसर और साइट विकास, विद्युतीकरण कार्य)<br>• ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली | 2016-17 | 45.36 |
| | 13. | सोमनाथ में सैरगाह का विकास | • उत्खनन और जमीन में सुधार<br>•मलवा<br>• वॉकवे फुटपाथ<br>• टेट्रापॉड<br>•कियोस्क, बैठने की व्यवस्था, पीने का पानी, कूड़ेदान | 2018-19 | 47.12 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | • हाई मास्ट लाइट<br>• संगीत प्रणाली और क्षेत्र के साथ इलेक्ट्रिक पोल | | |
| | 14. | अंबाजी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | • अंबाजी मंदिर (टीएफसी, एप्रोच रोड, पाथवे, पार्किंग, टॉयलेट ब्लॉक) में हस्तक्षेप<br>• गब्बर हिल के लिए एप्रोच रोड (टॉयलेट ब्लॉक, स्टोन पाथवे, पीने के पानी की सुविधा, छायांकित विश्राम क्षेत्र, विद्युत का काम, साइनेज) | 2022-23 | 50.00 |
| हरियाणा | 15. | माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहेब गुरुद्वारे का विकास | • गुरुद्वारा नाडा साहिब में विकास (अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था, भूतल पार्किंग, शौचालय ब्लॉक, एसटीपी, कवर पाथवे, बहुस्तरीय कार पार्किंग, प्रवेश द्वार, लैंडस्केपिंग)<br>• मनसा देवी मंदिर क्षेत्र विकास (अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था, प्लाजा विकास, गज़ेबो, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा)<br>• पार्किंग क्षेत्र का विकास (टीएफसी, पार्किंग, सांस्कृतिक गतिविधि क्षेत्र, सड़कें)<br>• एकीकृत क्षेत्र विकास (पाथवे, बेंच, साइनेज, शौचालय ब्लॉक) | 2019-20 | 48.53 |
| जम्मू और कश्मीर | 16. | हजरतबल दरगाह में विकास | • मंदिर के लिए मौजूदा आंतरिक पहुंच मार्ग का विकास<br>• स्थल विकास (चारदीवार, घाटों और देवरी पथों का सुधार, लैंडस्केपिंग, प्रकाश व्यवस्था)<br>• सार्वजनिक सुविधा ब्लॉक और प्रवेश द्वार<br>• छायांकन के लिए तन्यता संरचना<br>•पूर्वनिर्मित शॉपिंग कियोस्क<br>• पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• बहु मंजिला कार पार्किंग | 2016-17 | 40.46 |
| झारखंड | 17. | बाबा बैद्य नाथ धाम का विकास | • शिवगंगा तालाब विकास (फुटपाथ, स्ट्रीट फर्नीचर, मंडप, रिटेनिंग वॉल, प्रवेश मेहराब, हाई मास्ट और क्षेत्र प्रकाश व्यवस्था) | 2018-19 | 36.79 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | • जलसर झील फ्रंट विकास (जलसर वाटरफ्रंट डेवलपमेंट, वॉकवे, मंडपा, पेर्गोला, रिटेनिंग वॉल, सिटी एंट्रेंस गेटवे)<br>• कांवरिया पथ विकास कार्य (धर्म सभा हॉल, सामुदायिक शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, लैंडस्केप और फ़र्श, पेयजल कियोस्क)<br>• एप्रोच पाथवे (एप्रोच रोड का फ़र्श, सीसीटीवी कैमरे, मंदिर के लिए लोगों की गिनती प्रणाली, कंट्रोल एंड कमांड सेंटर और ज्योतिर्लिंग थीम वॉक) | | |
| कर्नाटक | 18. | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थ सुविधाओं का विकास | • चामुंडी मंदिर परिसर में विकास (क्यू मंडपम स्ट्रेच, बहुउद्देशीय क्षेत्र और मंच, क्लोक रूम, प्रकाश व्यवस्था)<br>• महिषासुर प्लाजा में तीर्थ सुविधाओं का विकास (सुविधा ब्लॉक, प्रवेश पत्थर आर्क, प्रकाश व्यवस्था)<br>• देवीकेरे में विकास (पूरी सीढ़ी के लिए रेलिंग, सीढ़ियों और मंडप का सौंदर्यीकरण)<br>• नंदी प्रतिमा मंडप विकास (क्यू मंडपम, पेवर क्षेत्र विकास)<br>• देवी पद पुनर्विकास (सीढ़ी और मंडप का सौंदर्यीकरण, पूरी सीढ़ी के लिए रेलिंग) | 2023-24 | 45.71 |
| केरल | 19. | गुरुवायूर मंदिर में विकास | • पर्यटक जन-सुविधा केंद्र<br>• पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• मल्टी-लेवल कार पार्किंग (एमएलसीपी)<br>• सीसीटीवी नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर | 2016-17 | 45.19 |
| मध्य प्रदेश | 20. | अमरकंटक का विकास | • नर्मदा मंदिर के आसपास विकास कार्य (गेटवे, वेटिंग पवेलियन, प्रसाद वितरण के लिए भोजन और रसोईघर, कियोस्क, स्ट्रीट फर्नीचर)<br>• मंदिरों की प्रकाश व्यवस्था<br>• इंद्र दमन झील, मा की बगिया, कपिलधारा का विकास<br>• साउथ बैंक, सोनमुड़ा में घाट का | 2020-21 | 49.99 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | विकास<br>• मेला ग्राउंड, पेड स्ट्रीट का विकास<br>• पर्यटक सुविधा केंद्र का विकास<br>• जन सुविधाओं का विकास | | |
| | 21. | ओंकारेश्वर का विकास | • ओंकारेश्वर मंदिर में विकास कार्य (दर्शन हॉल, वेटिंग हॉल, रिटेनिंग वॉल के साथ नदी के किनारे पैदल पुल, चिकित्सा कक्ष, प्रसाद काउंटर)<br>• गौघाट का विकास (घाट, फूड कोर्ट और डे शेल्टर, सुरक्षा बूथ, चेंजिंग रूम, फूलों की दुकानों का नवीनीकरण और विस्तार)<br>• जेपी चौक का विकास (एक समान अग्रभाग की ऊंचाई, प्रवेश द्वार सार्वजनिक प्लाजा)<br>• तीर्थयात्रा (कवर वॉकवे, प्रवेश द्वार, परिक्रमा पथ, ब्रह्मेश्वर मंदिर से गौघाट तक सीढ़ियां, मौजूदा सीढ़ियों का नवीनीकरण, मौजूदा मार्ग को चौड़ा करना)<br>• साउंड एंड लाइट शो<br>• लिंक्ड इन्फ्रा (शॉपिंग स्ट्रीट, डे शेल्टर, वॉच टॉवर, सुरक्षा बूथ सह सूचना कियोस्क, साइनेज, शौचालय, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए शेड का विकास) | 2017-18 | 43.93 |
| महाराष्ट्र | 22. | त्र्यंबकेश्वर का विकास | • त्र्यंबकेश्वर परिक्रमा (पवित्र तालाब/झील का विकास, लैंडस्केपिंग, जंक्शन का सुधार)<br>• तीर्थयात्रा अवसंरचना, त्र्यंबक टाउन (टीएफसी, पार्किंग, संगम में पीएफसी)<br>• अंजनेरी-त्र्यंबक-ब्रह्मगिरि की तीर्थयात्रा परिक्रमा (शिविर और प्रतीक्षा क्षेत्र, सामुदायिक हॉल, चेंजिंग रूम, शौचालय)<br>• श्री निवृत्तिनाथ महाराज समाधि मंदिर में विकास कार्य (क्यू कॉम्प्लेक्स, प्रशासनिक ब्लॉक, क्लोक और प्रतीक्षालय) | 2017-18 | 45.41 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मेघालय | 23. | नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | • नोंगस्वालिया चर्च में विकास कार्य (प्रवेश द्वार, वेल्श इतिहास व्याख्या केंद्र, पाथवे, पार्किंग, सार्वजनिक सुविधा, तीर्थयात्रा की सैर, प्रकाश व्यवस्था)<br>• नरतियांग शक्ति पीठ में विकास कार्य (तीर्थ सुविधा केंद्र, पाथवे, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, साइनेज)<br>• ऐतनार पूल में विकास कार्य (फेस्टिवल गैलरी क्षेत्र का विकास, बेहदीनखलम त्योहार सुविधा केंद्र, सुविधा केंद्र में एआर-वीआर)<br>• चरणतला काली मंदिर में विकास कार्य (वाहनों के लिए क्रॉस ब्रिज, एप्रोच रोड, रिटेनिंग वॉल, पीएफसी) | 2020-21 | 29.29 |
| मिजोरम | 24. | चितेवांग, जुआंगताई, रीक और आइजोल में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | • हेरिटेज कॉन्ग्रेगेशन सेंटर, आइजोल<br>• प्रार्थना पर्वत, जुआंगताई (व्यूइंग गैलरी, साइनेज, बहुउद्देशीय हॉल और रसोई के साथ पीएफसी)<br>• खुआंगचेरा गुफा में विकास कार्य (पीएफसी, गुफा में जाने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपकरण)<br>• कलवारी तियांग, आइजोल में विकास कार्य (सुरक्षात्मक रेलिंग, पीएफसी, प्रकाश व्यवस्था व्यवस्था, वर्षा आश्रय, साइनेज, लकड़ी के बेंच) | 2022-23 | 44.89 |
| नागालैंड | 25. | मोलुंगकिमोंग, नोकसेन चर्च, ऐजुतो, वोखा और कोहिमा में तीर्थयात्रा के अवसंरचना का विकास | • मोलुंगकिमोंग में विकास कार्य (चर्च गेट, शौचालय, व्याख्या केंद्र, प्रकाश व्यवस्था, साइनेज, एप्रोच रोड)<br>• नोकसेन चर्च में विकास (तीर्थयात्रा आगमन केंद्र, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, एप्रोच रोड, रिटेनिंग वॉल)<br>• मिशन कंपाउंड, ऐजुटो में विकास (पवित्र तालाब किनारे अस्तर क्षेत्र विकास, प्रकाश व्यवस्था, पीएफसी, एप्रोच रोड, साइनेज, रेन शेल्टर)<br>• कोहिमा के कैथेड्रल में विकास (प्रवेश द्वार, प्रकाश व्यवस्था, व्याख्या केंद्र, साइनेज, पार्किंग, रिटेनिंग वॉल) | 2018-19 | 25.20 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | • मार्गस्थ सुविधाएं-वोखा | | |
| | 26. | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना विकास | • नागा प्रवेश द्वार<br>• तीर्थयात्रा सुविधा केंद्र<br>• सुमी बैपटिस्ट चर्च की प्रकाश व्यवस्था<br>• बहुस्तरीय कार पार्किंग | 2022-23 | 18.18 |
| ओडिशा | 27. | पुरी में अवसंरचना विकास | • पुरी में पर्यटक सुविधा केंद्र<br>• श्री जगन्नाथ धाम पुरी में समुद्र तट का विकास (बेंच, पेयजल सुविधाएं, सार्वजनिक सुविधा, साइनेज, वॉच टॉवर, फूड कोर्ट)<br>• रामचंडी मंदिर का विकास<br>• श्री जगन्नाथ विश्राम स्थली और एम्फीथिएटर का विकास<br>• गुंडिचा मंदिर में विकास (डस्टबिन, लैंडस्केपिंग, पाथवे, संकेतक, प्रकाश व्यवस्था)<br>प्राची रिवर फ्रंट पर विकास (पीने के पानी की सुविधा, प्रवेश द्वार, प्रार्थना कक्ष, मंदिर परिसर को जोड़ने के लिए पुल, सीढ़ियां, वॉकवे)<br>• मां मंगला मंदिर में विकास (पीने के पानी की सुविधा, डस्टबिन, पाथवे, सार्वजनिक सुविधा, साइनेज) | 2014-15 | 50.00 |
| पंजाब | 28. | अमृतसर में करुणासागर वाल्मीकि स्थल का विकास | • बाहरी सीवरेज<br>• जल आपूर्ति<br>• शौचालय ब्लॉक और क्लोक रूम<br>• लैंडस्केपिंग<br>• ठोस अपशिष्ट संग्रह और प्रबंधन<br>• मुख्य द्वार की संरचना<br>• सड़क चौड़ा करना और सौंदर्यीकरण | 2015-16 | 6.40 |
| | 29. | चमकौर साहिब का विकास | • गुरूद्वारा श्री कतलगढ़ साहिब में पर्यटन अवसंरचना का विकास (अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था, किचन का निर्माण, इंटरप्रिटेशन सेंटर, पार्किंग, अग्रभाग का विकास)<br>• थीम पार्क से लेकर हेरिटेज गेस्ट हाउस तक नहर के किनारों के बांध पर वॉक-वे का विकास | 2021-22 | 31.57 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | • गुरूद्वारा श्री गढ़ी साहब, गुरूद्वारा श्री दमदमा साहिब, गुरूद्वारा श्री रणीतगढ़ साहिब, गुरूद्वारा श्री तर्री साहिब में पर्यटन अवसंरचना का विकास<br>• यात्री टर्मिनल और संबद्ध अवसंरचना का विकास | | |
| राजस्थान | 30. | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | • अजमेर शरीफ दरगाह में विकास (अग्रभाग का नवीनीकरण, तन्य कपड़े संरचना, छायांकन उपकरण)<br>• दिल्ली गेट और दरगाह गेट चौक का सुधार (प्रकाश व्यवस्था, नवीनीकरण कार्य)<br>• रेलवे और बस स्टैंड पर पर्यटक सूचना कियोस्क पुष्कर सरोवर, पुष्कर मार्केट स्ट्रीट में बहाली और विकास कार्य<br>• ब्रह्मा मंदिर, सावित्री माता मंदिर और परिक्रमा पथ, पुष्कर में विकास कार्य | 2015-16 | 32.64 |
| | 31. | बीकानेर में श्री करणी माता मंदिर का विकास | 50 दुकानें/कियोस्क मेला ग्राउंड का विकास<br>कैफेटेरिया सहित पर्यटक सुविधा केंद्र पार्किंग का विकास<br>शौचालय ब्लॉक, यात्री शेड, पेयजल स्टेशन, सीसीटीवी, डिस्प्ले स्क्रीन जैसी मूलभूत सुविधाएं | 2024-25 | 22.57 |
| सिक्किम | 32. | फोर पैट्रन सेंट्स, युकसोम में तीर्थ सुविधा का विकास | • नोरबुगांग का राज्याभिषेक सिंहासन (एप्रोच रोड, पारंपरिक द्वार, प्रदीप्तीकरण)<br>• हेलीपैड के पास तीर्थ यात्रा की सुविधा (पीएफसी, पार्किंग और प्रवेश द्वार, लैंडस्केपिंग)<br>• रिंबी में तीर्थयात्रियों के रुकने की सुविधा | 2020-21 | 33.32 |
| तमिलनाडु | 33. | कांचीपुरम का विकास | • बस टर्मिनस उन्नयन (पर्यटक सूचना केंद्र, क्लोक रूम, आरओ प्लांट)<br>• तीर्थयात्रा वॉक (पाथवे, पैदल यात्री गार्ड रेल, साइनेज) | 2016-17 | 13.99 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | • एकम्बरेश्वर मंदिर (पार्किंग प्लेटफॉर्म, सुरक्षा कक्ष, परिसर की दीवार)<br>• रंगास्वामी टैंक कायाकल्प (प्रवेश द्वार आर्क और गेट, बैठने की सुविधा, पाथवे)<br>• स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था | | |
| | 34. | वेलंकन्नी का विकास | • वेलंकन्नी बीच (पेवर ब्लॉक रोड)<br>• बस स्टैंड (टॉयलेट ब्लॉक)<br>• ऊरानी-मरियम्मन कुलम का सुधार<br>• शहर स्तर के हस्तक्षेप (सीसीटीवी, वाई-फाई, नियंत्रण कक्ष, स्ट्रीट लाइटिंग) | 2016-17 | 4.86 |
| तेलंगाना | 35. | जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास | • कनेक्टिविटी नोड (नया बस स्टैंड, सांस्कृतिक हाट)<br>• तीर्थयात्रा सुविधा नोड (तीर्थयात्री सुविधा सह सांस्कृतिक केंद्र, सार्वजनिक सुविधा परिसर, पाथवे)<br>• एप्रोच लेवल इंटरवेंशन (रेन शेल्टर, हाई मास्ट लाइटिंग, साइनेज)<br>• जोगुलम्बा मंदिर परिसर (पार्किंग परिसर, लाइटिंग और प्रकाश व्यवस्था, वैकल्पिक संपर्क मार्ग, शॉवर और चेंजिंग रूम, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन)<br>• तुंगभद्रा घाट (फ्लोटिंग जेट्टी, लैंडस्केपिंग, क्रूज बोट, प्रकाश व्यवस्था)<br>• अन्य एएसआई साइटें (संगमद्वार मंदिर के लिए प्रस्तावित नई पहुंच) | 2020-21 | 38.90 |
| | 36. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | • इंटरप्रीटेशन केंद्र<br>• एम्फीथियेटर<br>• 4 डी मूवी हॉल<br>• मूर्तिकला पार्क<br>• लेकफ्रंट विकास<br>• बस और कार पार्किंग क्षेत्र | 2022-23 | 62.00 |
| | 37. | भद्राचलम में तीर्थ अवसंरचना का विकास | • मुख्य मंदिर में विकास कार्य (फर्श में परिवर्तन, एमएस छत संरचना, प्रसाद तैयार करने के लिए मशीनीकरण) | 2022-23 | 41.38 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | • मुख्य मंदिर के आसपास विकास कार्य (एप्रोच रोड, तीर्थ सुविधा केंद्र, घाट क्षेत्र का विकास - चेंजिंग रूम, शौचालय, जेट्टी)<br>• टाउन प्रवेश द्वार (प्रवेश पुल, वॉशरूम और कैंटीन परिसर, कम्पाउंड वॉल, चेन लिंक फेंसिंग, बैटरी संचालित कारें)<br>• पर्णशाला और सीतम्मा वागु (तीर्थयात्री सुविधा केंद्र, स्ट्रीट लाइट, कियोस्क, फुट ओवर ब्रिज, शौचालय) में विकास कार्य<br>• संबद्ध विकास कार्य (स्ट्रीट लाइटिंग, साइनेज, सीसीटीवी) | | |
| त्रिपुरा | 38. | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर का विकास | • मुख्य मंदिर क्षेत्र का विकास (फूड कोर्ट, मेडिटेशन हॉल, प्रकाश व्यवस्था, पूजा की दुकानें)<br>• कवर्ड आस्था पथ (फ्लोरिंग, रेलिंग, रूफिंग)<br>• बाहरी विकास कार्य (फुट ओवर ब्रिज, एसटीपी, साइनेज प्रवेश द्वार, शौचालय) | 2020-21 | 34.43 |
| उत्तर प्रदेश | 39. | वाराणसी का विकास -फेज-I | • साउंड एंड लाइट शो<br>• मार्कंडेय महादेव मंदिर का एकीकृत विकास (पाथवे और रेलिंग के लिए छाया, गैन्ट्री साइनेज, परिसर की प्रकाश व्यवस्था)<br>• सारंगनाथ तालाब कायाकल्प (रिटेनिंग वॉल, घाट विकास, व्यूइंग डेक, गज़ेबोस, पाथवे)<br>• बुद्ध थीम पार्क, सारनाथ (गज़ेबोस, फीचर वॉल, पार्किंग)<br>• गुरुधाम मंदिर का संरक्षण और विकास (सॉफ्टस्केप, हार्डस्केप, नया गेट, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था) | 2015-16 | 18.73 |
| | 40. | मथुरा-वृंदावन का मेगा टूरिस्ट सर्किट के रूप में विकास (फेज-II) | • कृष्ण सरोवर, बाद, मथुरा (लैंडस्केपिंग, चेन लिंक, पाथवे, सूचना केंद्र, कुंड कायाकल्प केंद्र, शौचालय, ओपन एयर मंच, बैठने की जगह, घाट | 2014-15 | 10.98 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | का विकास)<br>• जय कुंड, जैत, मथुरा (लैंडस्केपिंग, चेन लिंक, पाथवे, कुंड कायाकल्प, कुंड जल की आवाजाही के लिए फव्वारे का प्रावधान, घाट का विकास)<br>• चंद्र सरोवर, चौमुहा, मथुरा (लैंडस्केपिंग, चेन लिंक, बोरवेल का निर्माण, कुंड कायाकल्प, घाट का विकास)<br>• अकबर का ताल मथुरा (कुंड कायाकल्प, प्रवेश द्वार, शौचालय, ओपन एयर मंच) | | |
| | 41. | वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | • यात्री सह क्रूज पोत<br>• 320 वर्ग मीटर एचडीपीई मॉड्यूलर सिस्टम जेट्टी (पोंटून)<br>• क्रूज पोत तथा जेट्टी का सौंदर्यशास्त्र और वर्नाकुलर बाहरी फिनिश<br>• दृश्य-श्रव्य पहल (स्टोरी बोर्ड)<br>• निगरानी और सुरक्षा<br>• सीसीटीवी निगरानी | 2017-18 | 9.02 |
| | 42. | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | • भवन की लागत (स्मारिका दुकानें, पर्यटक सहायता काउंटर, पर्यटक प्रतीक्षा क्षेत्र, शौचालय, चालक लाउंज, कवर पार्किंग)<br>• आंतरिक विकास लागत (बाउंडरी वॉल, वर्षा जल संचयन, विद्युतीकरण) | 2014-15 | 9.36 |
| | 43. | वाराणसी का विकास - द्वितीय चरण | • गोदोलियाचौक से दशाश्वमेध घाट (सड़क पैदल चलने की सुविधा और फुटपाथ, अग्रभाग का विकास)<br>• रात्रिकालीन वाराणसी (घाटों का प्रदीप्तीकरण, राज घाट से पुल-टॉयलेट, सड़क सुधार, टीआईसी, पार्किंग, रिवर बोट प्लेटफार्म)<br>• पंचकोसी परिक्रमा (सड़क का विकास, पीएफसी, साइनेज) का जीर्णोद्धार | 2017-18 | 44.60 |
| | 44. | गोवर्धन में अवस्थापना | • गोवर्धन बस स्टेशन पर विकास कार्य (कार स्टैंड ब्लॉक, क्लोक रूम, | 2018-19 | 37.59 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | संबंधी सुविधाओं का विकास | शौचालय, चारदीवारी)<br>• गोवर्धन परिक्रमा में विकास कार्य (स्ट्रीट फर्नीचर, सीसीटीवी, वाईफाई)<br>• चंद्र सरोवर में विकास कार्य (शौचालय, टिकट काउंटर, पाथवे, बेंच, लैंडस्केपिंग, सौर प्रकाश व्यवस्था)<br>• कुसुम सरोवर पर विकास कार्य (प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पक्की सड़क)<br>• मानसी गंगा पर विकास कार्य (तीर्थयात्री सुविधाएं, घाटों पर प्रदीप्तीकरण, मंदिर से सुविधा ब्लॉक तक पुल का निर्माण) | | |
| उत्तराखंड | 45. | केदारनाथ का एकीकृत विकास | • रुद्रप्रयाग में विकास कार्य (इको-लॉग इंटरप्रिटेशन सेंटर, स्नानघाट, साइनेज, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, व्यूपॉइंट)<br>• तिलवाड़ा में विकास कार्य (पार्किंग, बैठने की व्यवस्था, साइनेज)<br>• अगस्तमुनि में विकास कार्य (रेस्ट शेल्टर, व्यूपॉइंट, टॉयलेट, एप्रोच रोड, पर्यटक सूचना/सहायता केंद्र और स्मारिका की दुकान, पार्किंग)<br>• उखीमठ में विकास कार्य (एप्रोच रोड, इको-लॉग व्याख्या केंद्र, बहुस्तरीय पार्किंग)<br>• गुप्तकाशी में विकास कार्य (शौचालय, साइनेज, पार्किंग, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सौर एलईडी स्ट्रीट लाइट)<br>• कालीमठ में विकास कार्य (रिटेनिंग वॉल, एप्रोच रोड, सोलर एलईडी स्ट्रीटलाइट)<br>• सीतापुर में विकास कार्य (टीआईसी, बैठने की व्यवस्था, सौर एलईडी स्ट्रीट लाइट) | 2015-16 | 34.77 |
| | 46. | बद्रीनाथ जी धाम में तीर्थ सुविधा के लिए अवसंरचना का | • मंदिर परिसर और उसके आसपास का क्षेत्र (प्रकाश व्यवस्था, अपशिष्ट प्रबंधन, वर्षा जल निकासी)<br>• आस्था पथ पर विकास कार्य (सोलर | 2018-19 | 56.15 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | विकास | लाइट, डस्टबिन, बेंच)<br>• तीर्थयात्रा सुविधा केंद्र<br>• पार्किंग परिसर, पर्यटक प्रबंधन प्रणाली, पर्यटक आगमन प्लाजा | | |
| | 47. | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थ मूलभूत सुविधाओं का विस्तार | • गंगोत्री मंदिर में विकास कार्य (पीएफसी, मंदिर के बरामदे, प्रवेश द्वार, एलईडी प्रकाश व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाएं, तीर्थयात्रा पंजीकरण और डायनामिक भीड़ प्रबंधन प्रणाली, घाट पर अलार्म सिस्टम, पार्किंग)<br>• यमुनोत्री में विकास कार्य (प्रवेश द्वार, एलईडी प्रकाश व्यवस्था, घाट का विकास, तीर्थ सूचना केंद्र, सार्वजनिक सुविधा)<br>• जानकी चट्टी से यमुनोत्री तक ट्रेक (रेन शेल्टर और पैराडेमिकसेंटर, सार्वजनिक सुविधा, बेंच, साइनेज)<br>• खरसाली में विकास कार्य (एप्रोच रोड, प्रवेश द्वार, प्रकाश व्यवस्था, लैंडस्केपिंग) | 2021-22 | 54.36 |
| पश्चिम बंगाल | 48. | बेलूर मठ का विकास | • ठोस अपशिष्ट प्रबंधन<br>• साइनेज और विशाल एलईडी डिस्प्ले<br>• पाथवे का प्रावधान<br>• पेयजल कियोस्क और हाथ धोने की सुविधा<br>• पर्यटक स्वागत केंद्र, गैंगवे और जेट्टी<br>• बहु-स्तरीय कार पार्किंग<br>• रूफ टॉप सोलर पैनलों की स्थापना | 2016-17 | 30.03 |

*****